प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
14.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने पुलिस, होमगार्ड और सिविल डिफेंस के 76 पुरस्कार विजेताओं को किया सम्मानित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा—बेहतर ईलाज के लिए प्रदेश के प्रमुख अस्पतालों में 18 सौ करोड़ रूपए की लागत से बदली जाएंगी पुरानी मशीनें।
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर लगाया केन्द्रीय मदद में रोड़े अटकाने का आरोप।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा—प्रदेश में हर तरफ अव्यवस्थाओं की भरमार—लोगों को नहीं मिल रही अधिकांश सरकारी सुविधाएं।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला में 'अलंकरण समारोह' में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा के लिए "पुलिस, गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा तथा जीवन रक्षा पदक से 76 विजेताओं को अलंकृत किया। राज्यपाल ने इस मौके पर कहा कि ये सम्मान कर्त्तव्यनिष्ठा, साहस और सेवाभावना को दिया गया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता

..................

अलंकरण समारोह में पुरस्कार पाने वालों में कमांडेंट जनरल होमगार्ड और सिविल डिफेंस सतवंत अटवाल त्रिवेदी को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक तथा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर अतिरिक्त निदेशक सीबीआई नई दिल्ली में एन. वेणुगोपाल को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक शामिल हैं। वर्ष 2020 के बाद पांच साल बाद यह अलंकरण समारोह आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल ने इस मौके पर कहा कि कई सम्मान पाने वालों ने नशे के खिलाफ मजबूती से काम किया है। उन्होंने कहा कि उनका ये सहयोग इस बुराई को खत्म करने में अन्यों में भी जोश भरेगा। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों में पुलिस और गृह रक्षा बलों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बाजवूद ये लोग जिस तरह से कानून एवं व्यवस्था बनाए रखते हैं वह सराहनीय है। इस मौके पर ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह, पदमश्री विद्यानंद सरैक, नेकराम और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के विभिन्न प्रमुख अस्पतालों में 18 सौ करोड़ रूपए की लागत से पुरानी मशीनों को बदलेगी। उन्होंने आज शिमला में कहा कि ये मशीनें 30 से 40 वर्ष पुरानी हैं और इनके कारण मरीजों के ईलाज में देर होती है जिस कारण ईलाज का खर्चा भी बढ़ जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई मशीनों की खरीद के लिए डीपीआर तैयार कर दी गई है और इसके लिए बजट का प्रावधान भी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के 69 स्वास्थ्य संस्थानों में सुविधाओं का विस्तार भी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश से हर साल साढ़े 9 लाख मरीज ईलाज के लिए दूसरे राज्यों में जाते है। इससे प्रदेश की जीडीपी को हर वर्ष एक हजार 3 सौ 50 करोड़ रूपए का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ही बेहतर ईलाज मिलने पर राज्य की जीडीपी में हर वर्ष 5 सौ 50 करोड़ की बचत होगी।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज से हरोली वासियों को दुलैहड़ मुद्रिका बस की सौगात दी है। ये बस आज से दुलैहड़–झुगियां–ऊना रूट पर नियमित रूप से चलना आरम्भ हो गई है। अग्निहोत्री ने कहा कि इस बस सेवा से विशेष रूप से स्कूली विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को सुविधा होगी। इस बीच क्षेत्र की जनता ने इस बस सेवा के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार जताया है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि हिमाचल की दृष्टि से केन्द्रीय बजट शानदार है। भाजपा अध्यक्ष ने आज शिमला में कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा बजट में हिमाचल में फोरलेन, सुरंगों, ओवरब्रिज और रेलवे विस्तार जैसे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अभूतपूर्व राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक बिलासपुर में रेल पहुंच जाएगी और इससे प्रदेश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। बिंदल ने कहा कि मोदी सरकार ने हिमाचल को यूपीए सरकार की तुलना में वर्ष 2014 से अभी तक 4 गुना अधिक सहायता दी है।

इंदु गोस्वामी

राज्यसभा सांसद इंदुबाला गोस्वामी के एक सवाल के जवाब में केन्द्रीय पर्यावरण व वनमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यभा में बताया कि केन्द्र सरकार ने ग्रीन क्रेडिट अर्जित करने के लिए 12 अक्तूबर 2023 को ग्रीन क्रेडिट रूल अधिसूचित कर दिए हैं। इन नियमों के अधिसूचित होने से पर्यावरण पर सकारात्मक पहल को बढ़ावा दिया जा सकेगा। कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य वन विभाग के नियंत्रण में बंजर जमीन पर स्वैच्छिक रूप से पौधरोपण करना और पर्यावरण संतुलन साधना है।

सुंदर ठाकुर

कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने आज क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाएं जांची और मरीजों को आ रही दिक्कतों को तुरंत दूर

करने के निर्देश दिए। सुंदर ठाकुर ने कहा कि ओपीडी बढ़ने से अस्पताल पर काम का बोझ बढ़ा है। उन्होंने इससे निपटने के लिए अस्पताल में अतिरिक्त पर्ची और कैश कांउटर स्थापित करने के निर्देश दिए।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर केन्द्र की मदद को रोकने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि राजनीति केवल राजनीति के लिए नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष को प्रदेश के हितों के लिए राजनीति करनी चाहिए।

लोकनिर्माण मंत्री ने दावा किया कि प्रदेश सरकार ने दो साल के कार्यकाल में युवाओं को रोजगार के 42 हजार अवसर उपलब्ध करवाए। इनमें से 20 हजार 2 सौ 54 नौकरियां सरकारी क्षेत्र में दी गई। इसके विपरीत पूर्व भाजपा सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में केवल 55 हजार 4 सौ 31 लोगों को ही सरकारी नौकरियां दी।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में हर तरफ अव्यवस्थाओं की भरमार है और लोगों को सरकार द्वारा दी जाने वाली अधिकांश सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि आईजीएमसी शिमला और रिपन अस्पताल में मरीजों के टैस्ट नहीं हो रहे हैं और एक्स–रे मशीन तक नहीं चल रही है। यही नहीं प्रदेश में विकास के सारे काम ठप्प हैं और सरकार को लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि सुक्ख की सरकार सिर्फ अपने मित्रों के हितों की रक्षा के लिए ही काम कर रही है। इस बीच जयराम ठाकुर ने आज नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से भेंट की और प्रदेश के विकास संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

लाहौल पुलिस

लाहौल स्पिति जिला पुलिस को सी.सी.टी.एन.एस. रैकिंग में प्रदेश भर में दूसरा स्थान हासिल हुआ है। जिला के उप पुलिस अधीक्षक राजकुमार ने बताया कि 33 दशमलव 17 अंकों के साथ लाहौल स्पिति इस प्रणाली को लागू करने में दूसरे स्थान पर रहा जबकि नूरपुर जिला पुलिस 33 दशमलव 34 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही।

सड़क

गांव में विकास कार्यों को गति देने के लिए सरकार या प्रशासन पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होती। ये बात किन्नौर जिला की बरी पंचायत के ग्रामीणों ने साबित की है। बरी पंचायत के

ग्रामीण इन दिनों श्रमदान से बरी कंडे सड़क का निर्माण कर रहे हैं। यही नहीं इस सड़क के लिए ग्रामीणों ने अपनी बहुमूल्य जमीन भी निशुल्क में दान की है। इनमें किरण कुमार प्रमुख है। किरण कुमार ने अपना डेढ़ सौ मीटर का खेत और सेब के 25 साल पुराने 30 पौधे भी कुर्बान कर दिए।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने पुलिस, होमगार्ड और सिविल डिफेंस के 76 पुरस्कार विजेताओं को किया सम्मानित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–बेहतर ईलाज के लिए प्रदेश के प्रमुख अस्पतालों में 18 सौ करोड़ रूपए की लागत से बदली जाएंगी पुरानी मशीनें।
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर लगाया केन्द्रीय मदद में रोड़े अटकाने का आरोप।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश में हर तरफ अव्यवस्थाओं की भरमार–लोगों को नहीं मिल रही अधिकांश सरकारी सुविधाएं।